web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 25 फरवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 148

# अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का पीएम मोदी ने गले लगाकर किया स्वागत

अहमदाबाद (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत आज यहां पहुंच गये। ट्रंप का विमान यहां सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपराह्न 11 बज कर 40 मिनट पर उतरा। उनकी अगवानी के लिए स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां मौजूद थे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर ट्रंप को गले लगाकर उनका स्वागत किया। उनके साथ फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओब्रायन, वाणिज्य मंत्री विलबर रॉस, ऊर्जा मंत्री डैन ब्रोइलेट समेत अन्य 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य हैं।



पारंपरिक संगीत और नृत्य के साथ ट्रंप का लाल गलीचे पर स्वागत किया गया।

ट्रंप और मोदी आज यहां एक भव्य रोड शो 'इंडिया रोड शो' तथा इसके बाद दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में एक लाख से अधिक लोगों की मौजूदगी में होने वाले 'नमस्ते' ट्रंप कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

मोदी भी आज सुबह लगभग दस बजे यहां पहुंचे थे। दोनो नेता हवाई अड्डे से 20 किमी से अधिक लंबा रोड शो शुरू करेंगे। इस दौरान वह शहर हवाई अड्डे से महात्मा गांधी के ऐतिहासिक साबरमती आश्रम जायेंगे और वहां कुछ समय बिताने के बाद वापस रोड शो करते हुए शहर के मोटेरा इलाके में पुनर्निर्मित सरदार पटेल स्टेडियम पहुंचेगे जहां नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रपति ट्रंप का संयुक्त संबोधन होगा। इससे पहले जाने माने सूफी संगीतकार कैलाश खेर समेत कई कलाकार अपनी प्रस्तुतियां भी देंगे। स्टेडियम का स्वामित्व रखने वाले गुजरात क्रिकेट संघ के अध्यक्ष तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे।

यह किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली गुजरात यात्रा है। हवाई अड्डे पर ही भव्य स्वागत के बाद ट्रंप मोदी के साथ 20 किमी से भी अधिक लंबे 'इंडिया रोड शो' में शिरकत करेंगे। इसके बाद नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम होगा। दोनो कार्यक्रमों के मद्देनजर 14 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। पूरे रास्ते में दोनो नेताओं के बड़े बड़े कट आउट लगाये गये हैं और होर्डिंग्स लगाये गये हैं। नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर एक बज कर पांच मिनट पर होगी। ट्रंप को इस यात्रा के दौरान खमण समेत कई पारंपरिक गुजराती व्यंजनों का भी आस्वादन कराया जायेगा।

इस बीच, यहां साबरमती आश्रम में ट्रंप के स्वागत के लिए काफी तैयारियां भी की गयी हैं। सरकारी कार्यक्रम के अनुसार ट्रंप रोड शो के दौरान दोपहर सवा बारह बजे यहां राणिप इलाके में स्थित महात्मा गांधी के इस ऐतिहासिक आश्रम पर पहुंचेगे जहां यहां आने वाले हर बड़े राष्ट्राध्यक्ष को पारंपरिक तौर पर लाया जाता रहा है। वह और उनकी पत्नी मेलेनिया ट्रंप, मोदी के साथ आश्रम में साबरमती नदी के किनारे भी कुछ समय गुजारेंगे। हवाई अड्डे से ही शुरू होने वाले रोड शो के दौरान सड़क के किनारे बने 28 मंचों पर कलाकार भारतीय संस्कृति की झांकी प्रस्तुत करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। ट्रंप की इस यात्रा के मद्देनजर शहर में यातायात मार्ग में व्यापक फेरबदल किया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कार्यस्थल पर असंयमित भाषा का इस्तेमाल, यौन उत्पीड़न अपराध नहीं

» मद्रास हाईकोर्ट की राय

चेन्नई (आरएनएस)। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी महिला कर्मचारी के खिलाफ असंयमित भाषा के इस्तेमाल का बेबुनियाद आरोप कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न संबंधी कानून के तहत अपराध नहीं है और इस अधिनियम को अतिशयोक्तिपूर्ण या अस्तित्वहीन आरोपों के साथ दुरुपयोग की अनुमति नहीं दी जा सकती. अदालत ने केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी को राहत प्रदान की जिस पर एक महिला अधिकारी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था. अदालत ने साथ ही यह भी कहा कि प्रशासनिक प्रमुख या प्रमुख को काम कराने का पूरा अधिकार है और उसके पास अपने विवेक और विशेषाधिकार हैं। जस्टिस एम सत्यनारायणन और जस्टिस आर हेमलता की बेंच ने ट्रेड मार्क्स एंड जीआई, भारतीय बौद्धिक संपदा, चेन्नई के डिप्टी रजिस्ट्रार वी नटराजन की अर्जी स्वीकार करते हुए उनके खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण और जिला स्थानीय शिकायत कमेटी (एलसीसी) के आदेशों को रद्द कर दिया. बेंच ने शनिवार को जारी आदेश में कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि शिकायतकर्ता ने याचिकाकर्ता के साथ अपना व्यक्तिगत मामला निपटाने के लिए एक व्यर्थ प्रयास किया है. प्रत्येक कार्यालय को कुछ शिष्टाचार बरकरार रखना होता है। बेंच ने कहा कि यदि किसी महिला कर्मचारी के साथ उसकी अक्षमता या किसी अन्य आधिकारिक कारणों से भेदभाव किया जाता है तो उसके लिए रास्ता शिकायतकर्ता द्वारा अपनाया गया रास्ता नहीं है. बेंच ने कहा, हालांकि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए समानता और सौहार्दपूर्ण कार्यस्थल बनाना है जिसमें उनकी गरिमा और आत्मसम्मान की रक्षा हो, लेकिन महिलाओं द्वारा इसका किसी को परेशान करने के लिए दुरुपयोग की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### ब्रिटिश कोर्ट के अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में देखी भारत की न्यायिक प्रक्रिया

नई दिल्ली (आरएनएस)। ब्रिटेन की अदालत के अध्यक्ष लॉर्ड रॉबर्ट जॉन रीड न्यायिक प्रक्रिया देखने के लिए उच्चतम न्यायालय की कोर्ट नंबर वन पहुंच गए हैं। वह यहां मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे के नेतृत्व में होने वाली सुनवाई को देखा। पहला मामला मध्यस्थता का है। बता दें कि ब्रिटेन में मुख्य न्यायाधीश को सुप्रीम कोर्ट अध्यक्ष कहा जाता है। अंतरराष्ट्रीय न्यायाधीश सम्मेलन 2020 में शामिल होने के लिए भारत आए न्यायमूर्ति रीड उच्चतम न्यायालय में भारत के प्रधान न्यायाधीश एस.ए. बोबडे के समीप बैठे हैं। अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल ने अदालत कक्ष में यूनाईटेड किंगडम की न्यायपालिका के प्रमुख न्यायमूर्ति रीड का स्वागत किया।

### बिना फास्टैग लेन में घुसने वाले वाहनों से वसूले 20 करोड़

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा कि उसने टोल प्लाजा पर फास्टैग वाले लेन में घुसने वाले बिना टैग के 18 लाख वाहनों से 20 करोड़ रुपये वसूल किए हैं। सड़क परिवहन मंत्रालय ने पिछले साल दिसंबर में इलेक्ट्रॉनिक टोल वसूली के लिए फास्टैग की शुरुआत की थी। मंत्रालय ने तब कहा था कि यदि कोई वाहन बिना टैग के समर्पित लेन में घुसता है तो उससे दो गुना टोल वसूल किया जायेगा। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि फास्टैग लेन में बिना टैग के घुसने वाले वाहनों से दो गुना टोल वसूला जा रहा है। उसने कहा, अभी तक देश भर में 18 लाख वाहनों ने बिना टैग के फास्टैग लेन में घुसने की कोशिश की है और इनसे 20 करोड़ रुपये वसूले गये हैं। अभी तक देशभर में 1.55 करोड़ से अधिक फास्टैग जारी किये जा चुके हैं।

## सेनेगल से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया गैंगस्टर रवि पुजारी

» आज होगी पेशी



मुंबइ (आरएनएस)। गिरफ्तार किए गए खतरनाक अंडरवर्ल्ड डॉन रवि पुजारी को रविवार देर रात करीब 2 बजे दक्षिण अफ्रीका के सेनेगल से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उसे भारतीय अधिकारियों की एक टीम लेकर पहुंची। खुफिया एजेंसी रॉ और कर्नाटक पुलिस के अफसर इस टीम में शामिल हैं। बता दें कि भगोड़ा गैंगस्टर रवि पुजारी को दक्षिण अफ्रीका से हाल ही में फिर से गिरफ्तार किया गया। पिछले साल जनवरी में उसे सेनेगल से गिरफ्तार किया गया था लेकिन वह भाग गया था। साल 2019 की शुरुआत में भारत ने सेनेगल से पुजारी के प्रत्यर्पण की गुजारिश की थी। रवि पुजारी को सोमवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। वह पूरी तरह से फिट है और जांच प्रक्रिया में सहयोग कर रहा है। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील से अलग होने के बाद पुजारी पिछले साल सेनेगल में जमानत पर रिहा होने के बाद दक्षिण अफ्रीका भाग गया था, जहां वह ड्रग तस्करी और वसूली के धंधों में लिप्त था। भारतीय खुफिया विभाग के सूत्रों ने कहा कि पुजारी को दक्षिण अफ्रीका में एक दूर-दराज के गांव में पाया गया। पुजारी वहां बुर्किना फासो के पासपोर्ट पर एंथॉनी फर्नांडीज के झूठे नाम से रह रहा था।

### शाहीन बाग मामले में अब 26 फरवरी को होगी सुनवाई

» वार्ताकारों ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

नईदिल्ली (आरएनएस)। शाहीन बाग मामले में तीनों वार्ताकारों ने शीर्ष अदालत को एक सीलबंद कवर में अपनी रिपोर्ट सौंप दी है. सुप्रीम कोर्ट ने मामले को 26 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया है. बता दें कि शाहीन बाग में दो महीने से भी ज्यादा वक्त से प्रदर्शनकारी सड़क पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. इससे दिल्ली-नोएडा रूट ठप हो गया है।

## भाजपा ने बिधूड़ी को दी नेता प्रतिपक्ष की कमान

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी नेता प्रतिपक्ष होंगे। भाजपा के दिल्ली प्रदेश कार्यालय पर सोमवार सुबह हुई बैठक में पार्टी के सभी विधायकों ने आम सहमति से उन्हें विधायक दल का नेता चुना।

मुख्य विपक्षी पार्टी के विधायक दल का नेता ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होता है। बिधूड़ी की पहचान दिल्ली के प्रभावी गुर्जर नेता की रही है। राजनीतिक सफर पर नजर डालें तो रामवीर सिंह बिधूड़ी चार बार विधायक रह चुके हैं। यूं तो उन्होंने



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छात्र संगठन एबीवीपी से राजनीति शुरू की, मगर कई पार्टियों से होते हुए वे भाजपा की मुख्यधारा में पहुंचे। वह पहली बार 1993 में जनता दल के टिकट पर विधायक बने थे, फिर 2003 में शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में शामिल होकर दूसरी बार विधानसभा चुनाव जीते। वर्ष 2012 में वह भाजपा में शामिल हुए और 2013 का विधानसभा चुनाव जीतकर तीसरी बार विधायक बने। वे आम आदमी पार्टी (आप) की लहर में 2015 का विधानसभा चुनाव हार गए, लेकिन फिर 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से जीतने में सफल रहे।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सरोज पांडेय की मौजूदगी में सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर हुई बैठक में उन्हें भाजपा के विधायक दल का नेता चुना गया। पार्टी के अन्य सात विधायकों ने उनके नाम पर सहमति जाहिर की थी। पिछली बार विजेंद्र गुप्ता नेता प्रतिपक्ष थे।

## सीएए-एनआरसी प्रदर्शन के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी की मौत

नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। आज उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी में हुए उपद्रव में एक पुलिसकर्मी रतन लाल की मौत हो गई है, वहीं एक डीसीपी समेत कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर है। मृत जवान दिल्ली पुलिस में बतौर हेड कांस्टेबल नौकरी करता था। हिंसा में शहादरा के डीसीपी अमित शर्मा भी घायल हो गए। उन्होंने पटपडग़ंज के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के कम से कम 10 जगहों पर हिंसा के देखते हुए धारा 144 लगाई गई। दिल्ली में नागरिकता कानून के विरोध में हिंसा पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में शांति एवं सौहार्द को लेकर काफी दुखद खबर आ रही है। मैं माननीय उपराज्यपाल और गृह मंत्री से कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक करने का निवेदन करता हूं, जिससे शांति और सौहार्द सुनिश्चित हो सके। सोमवार सुबह जाफराबाद में धरने पर बैठे लोग अचानक हिंसक हो गए और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट में खारिज हुई दिल्ली सरकार के खिलाफ याचिका

नईदिल्ली (आरएनएस)। जेएनयू के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार के खिलाफ राजद्रोह से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को बड़ी राहत दी है. दरअसल, इस मामले में दिल्ली सरकार की ओर से अभी तक मुकदमा चलाने को मंजूरी नहीं मिली है।

इसको लेकर शीर्ष अदालत में याचिका दायर की गई थी. वकील अमित साहनी ने याचिका दाखिल कर इस मामले में दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की थी. याचिका में मांग की गई थी कि कोर्ट एक समय-सीमा तय करे जिसके तहत राज्य सरकार राजद्रोह का मुकदमा चलाने की इजाजत दे. हालांकि, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने कहा की ऐसा कोई डायरेक्शन नहीं दिया जा सकता कोर्ट ने याची को इस बाबत निचली अदालत में जाने को कहा है।



इससे पहले 19 फरवरी 2019 को दिल्ली पुलिस ने ट्रायल कोर्ट को बताया था कि अभी तक इस मामले में दिल्ली सरकार ने केस चलाने की इजाजत नहीं दी है. जज ने सरकारी वकील से पूछा था कि क्या आपने दिल्ली सरकार को केस चलाने की इजाजत देने के लिए रिमाइंडर नोटिस दिया है? इस पर दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि रिमाइंडर नोटिस नहीं दिया गया है. बता दें कि 9 फरवरी, 2016 को जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में कथित तौर पर भारत विरोधी नारे लगाने का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने कन्हैया कुमार, उमर खालिद और अनिर्बान के अलावा सात अन्य लोगों को आरोपी बनाया था. सरकारी वकील ने कोर्ट को रिमाइंडर नोटिस राज्य सरकार के पास लंबित होने की जानकारी दी थी. कोर्ट ने पुलिस से एक महीने में स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा. इसके बाद कोर्ट ने इस मामले को 3 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया।

बता दें कि 9 फरवरी 2016 को जेएनयू में देश विरोधी नारे लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पटियाला हाउस के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट सुमीत आनंद की कोर्ट में 1200 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी. इस चार्जशीट में कन्हैया कुमार, उमर खालिद और अनिर्बान के अलावा सात कश्मीरियों को भी आरोपी बनाया गया है।

### गर्मजोशी भरी शानदार यात्रा के लिए ट्रंप ने मोदी को दिया धन्यवाद

अहमदाबाद (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपनी भारत यात्रा के दौरान साबरमती आश्रम के विजिटर बुक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस शानदार यात्रा के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी पत्नी मेलानिया, बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुशनेर के साथ अहमदाबाद पहुंचे, जहां हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर ट्रंप का स्वागत किया।

## जाफराबाद में सेना जैसी वर्दी में दिखी दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली (आरएनएस)। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित जाफराबाद में हो रहे प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस की एक फुटेज सामने आई है, जिसमें पुलिसकर्मियों ने भारतीय सेना के जवानों जैसी वर्दी पहन रखी है।

करीब 1.04 मिनट के जारी वीडियो में साफ देखा गया है कि कथित तौर पर दिल्ली पुलिस के जवान, भारतीय सेना जैसी वर्दी पहन कर जाफ रादबाद मेट्रो स्टेशन पर दिख रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम पर भारतीय सेना ने कहा कि वो जांच



» सेना ले सकती है एक्शन

कर एक्शन लेगी। सोमवार को प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय सेना के प्रवक्ता के ट्विटर अकाउंट से ट्वीट किया गया, कि यह स्पष्ट किया जाता है कि आंतरिक सुरक्षा के लिए भारतीय सेना की तैनाती नहीं की गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना की वर्दी पहनने वाले राज्य पुलिस बलों और निजी सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा कि नीतिगत दिशानिर्देश हैं, जिसके अनुसार अर्धसैनिक और राज्य पुलिस बल के जवान सेना द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वर्दी नहीं पहन सकते.सीलमपुर को मौजपुर और यमुना विहार से जोड़ने वाली सड़क बंद सीएए और राष्ट्रीय नागरिक पंजी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए शनिवार की रात दिल्ली के जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के निकट लगभग 500 लोग इकट्ठा हुए।

## आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत और अमेरिका साथ लड़ेंगे:ट्रंप

**भारत के साथ होगा तीन अरब डॉलर के हथियारों का सौदा**

अहमदाबाद (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को यहां मोटेरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम नमस्ते ट्रंप में कहा कि वह भारत में हुए उनके यादगार आतिथ्य सत्कार को याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत का सम्मान करता है और भारत से प्यार करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका कट्टरवाद के खिलाफ साथ हैं। भारत और अमेरिका आतंकवाद के खात्मे के लिए साथ रहे रहेंगे और लड़ेंगे। देश के लिए जो खतरा है उसका हल मिलकर निकालेंग। ट्रंप ने अपने भाषण में पाकिस्तान का भी नाम लिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही पाकिस्तान की ओर से सीमा पर कोई हरकत ना हो इसके लिए वो प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगानी हो होगी. आतंकवाद के खिलाफ भारत-अमेरिका साथ-साथ लड़ाई जारी रखेंगे।

## तृणमूल-भाजपा समर्थकों ने सात घरों में की तोड़फोड़, लगाई आग



जलपाईगुड़ी (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में भाजपा समर्थकों के मकानों में तोड़फोड़ की गई और इसके बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया गया. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पाया. मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के हुस्लूरदंगा गांव में रविवार को एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता का शव पहुंचा था. तृणमूल कांग्रेस के मलिक हाटबूथ के अध्यक्ष भोमबोल घोष पर 14 फरवरी को हुस्लूरदंगा बाजार में धारदार हथियार से हमला कर दिया गया था. गंभीर रूप से घायल घोष को सिलीगुड़ी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार को उनकी मौत हो गई थी। तृणमूल के स्थानीय नेता मनोज रॉय ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे भाजपा के कार्यकर्ताओं का हाथ है. भाजपा के जिला अध्यक्ष बापी गोस्वामी ने दावा किया कि घोष का शव रविवार को जब गांव में पहुंचा तो तृणमूल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के समर्थकों के सात मकानों में तोड़-फोड़ की और उन्हें आग के हवाले कर दिया।

## ट्रंप दंपत्ति ने साबरमती आश्रम में चलाया चरखा

» पीएम मोदी ने कहा-इतिहास लिखा जा रहा है



अहमदाबाद (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सोमवार को मोटेरा स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया और नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम के संबंध में कहा कि इतिहास लिखा जा रहा है। इससे पहले, अपनी भारत यात्रा के दौरान साबरमती आश्रम के विजिटर बुक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस शानदार यात्रा के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी पत्नी मेलानिया, बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुशनेर के साथ अहमदाबाद पहुंचे, जहां हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर ट्रंप का स्वागत किया।

बाद में सभी गणमान्य व्यक्ति साबरमती आश्रम पहुंचे, जहां अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चरखा चलाया। मोटेरा स्टेडियम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उपस्थिति में कहा कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध साझेदारी से कहीं बढ़कर हैं।